**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–31.01.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

******************

18वीं लोकसभा का बजट सत्र आज से शुरु हो गया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में आर्थिक सर्वेक्षण पेश करते हुए वित्त वर्ष 2025 में जीडीपी में 6.4: वृद्धि का अनुमान जताया। सर्वेक्षण में कृषि और सेवा क्षेत्र के समर्थन से आर्थिक स्थिरता को दर्शाया गया। रिकॉर्ड खरीफ उत्पादन और अनुकूल कृषि परिस्थितियों से ग्रामीण मांग में सुधार हो रहा है। वैश्विक मांग में कमजोरी और मौसमी प्रभावों के कारण विनिर्माण क्षेत्र दबाव में रहा। सर्वेक्षण में निजी खपत को स्थिर बताते हुए घरेलू मांग के मजबूत रहने की बात कही गई।

******************

संसद के बजट सत्र के पहले दिन आज दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सरकार की विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि देशभर में तीन करोड़ और परिवारों को मकान उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के विस्तार का फैसला किया गया है। उन्होंने कहा कि धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान पांच करोड़ जनजाति लोगों के लिए शुरू किया गया है।

******************

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण की प्रशंसा की है। संसद के बाहर संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 10 वर्षों में नये रिकॉर्ड बनाए हैं। उन्होंने कहा कि गरीब और अमीर के बीच खाई कम करने के प्रयास किए गए हैं। श्री पासवान ने कहा कि राष्ट्रपति ने गरीबों के कल्याण के लिए लागू की गई योजनाओं का उल्लेख किया।

******************

संसद में कल पेश होने वाले बजट से झारखंड के लोगों को काफी उम्मीदें हैं। लोगों को अपेक्षा है कि इस बजट से महंगाई को राहत देने, रोजगार के नए अवसर पैदा करने और विकास की आधारभूत संरचनाओं में विस्तार के लिए पहल की जाएगी। राजधानी रांची के लोगों को उम्मीद है कि बजट में उनके हितों का ख्याल रखा जाएगा।

******************

साहिबगंज निवासी और पूर्व ईस्टर्न चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्य कौशल किशोर ओझा ने कहा कि सरकार इनकम टैक्स स्लैब में छूट के साथ जीएसटी का सरलीकरण भी करना चाहिए। इधर, देवघर में भी लोग केन्द्रीय बजट को लेकर उत्साहित हैं। ईसीएल चित्रा माइंस में काम करने वाले योगेश्वर राय का कहना है कि बजट में आयकर में राहत मिलनी चाहिए।

दुमका के आदित्य राज कहते हैं कि सरकार को युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाओं के द्वार खोलना चाहिए।

******************

अवैध अफीम की खेती के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सरायकेला–खरसावां पुलिस को एक और सफलता मिली है। जिले के कुचाई थाना क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती करने वाले चार युवकों को गिरफ्तार किया गया है, साथ ही पुलिस ने 3.70 एकड़ में फैली अवैध अफीम की फसल को नष्ट कर दिया। एसडीपीओ समीर कुमार सवैया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि सूचना के बाद छापेमारी दल का गठन कर कार्रवाई की गई।

******************

हजारीबाग जिले के जीटी रोड पर महाकुंभ यात्रियों की भीड़ के कारण भारी जाम लग गया है। बिहार से झारखंड आने वाली लेन खुली है, लेकिन झारखंड से बिहार जाने वाले वाहनों की आवाजाही बंद है। चौपारण

थाना प्रभारी ने बताया कि बिहार सरकार ने सीमा सील कर दी है, जिससे यातायात बाधित हो गई है। प्रशासन ने यात्रियों से फिलहाल जीटी रोड पर सफर से बचने की अपील की है।

*****************

सिमडेगा में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 24 कंपनियों ने भाग लिया। रोजगार के लिए 428 युवाओं ने पंजीकरण कराया। उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने युवाओं को बेहतर अवसर देने पर जोर दिया, जबकि विधायक भूषण बड़ा ने सरकार के रोजगार नीति पर बल दिया।

*****************

महाकुंभ में हुए हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित न्यायिक आयोग आज प्रयागराज पहुंचा है। आयोग के सदस्य संगम घाट का दौरा कर घटना के कारणों और परिस्थितियों की जांच करेंगे। आयोग महाकुंभ के आयोजन और प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक भी करेगा। बुधवार को महाकुंभ के संगम क्षेत्र में हुए इस हादसे में 30 लोगों की जान चली गई और 60 लोग घायल हो गए। भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने की सिफारिशों के साथ आयोग एक महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट देगा। तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का नेतृत्व इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश हर्ष कुमार कर रहे हैं।

********